# देश में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना यूपी

**तारीफ**

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने समझाया कि कैसे डबल इंजन सरकार की बदौलत यूपी में विकास की नई इबारत लिखी गई। योगी सरकार के कार्यों को सराहते हुए सिलसिलेवार उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली योगी आदित्यनाथ की सरकार ने आमूल-चूल परिवर्तन किया है। वर्ष 2017 में जब योगी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार बनी, तब यूपी अर्थव्यवस्था में देश में सातवें स्थान पर थी लेकिन आज यह दूसरे स्थान पर है। अमित शाह ने अपने 35 मिनट के भाषण में करीब 17 बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिया।

प्रतिवर्ष होने वाली धान खरीद पर भुगतान को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने 17,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 38,000 करोड़ रुपये और गेहूं की खरीदी पर भुगतान 12,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 36,000 करोड़ रुपये कर दिया है। पांच वर्षों में प्रदेश में हवाई अड्डों की संख्या 4 से 9 पहुंची है। एक्सप्रेस वे पहले केवल 2 थे, हमारी सरकार में 5 नए जोड़े हैं। हमारी सरकार में प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भी बना है और शिक्षा एवं मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर भी काफी बेहतर हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जब देश में कोरोना ने दस्तक दी तो सबसे अधिक चिंता उत्तर प्रदेश को लेकर थी कि 22 करोड़ जनसंख्या वाला यह प्रदेश कोरोना को कैसे परास्त कर पाएगा। योगीजी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह से प्रदेश में कोरोना प्रबंधन किया और मृत्यु दर पर अंकुश लगाया, वह अभूतपूर्व था। उन्होंने कहा कि यूपी में सबसे अधिक टेस्ट किये गए, सबसे अधिक वैक्सीन डोज लगाए गए।

**38,000**

करोड़ रुपये धान की खरीद पर भुगतान किया गया

**36,000**

करोड़ रुपये गेहूं की खरीद पर भुगतान किया गया

## 150 अपराधी हुए ढेर

उन्होंने कहा कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के सारे पैरामीटरों में सुधार आया है। इस सरकार में 150 से अधिक अपराधी मुठभेड़ में मारे गए। वाराणसी, लखनऊ, नोएडा और कानपुर में कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई। लगभग 1.43 लाख से अधिक पुलिस कर्मचारियों की भर्ती की गई और वह भी बिना किसी भ्रष्टाचार और परिवारवाद के।

## यूपी को जो चाहिए मोदीजी तुरंत देते हैं

अमित शाह बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से चुनकर आते हैं। यूपी से उनका विशेष लगाव है। प्रदेश को जिस चीज की भी जरूरत होती है, उसे प्रधानमंत्री तुरंत ही पूरा करते हैं और योगी भी अविलंब उसका क्रियान्वयन करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कार्यकर्ताओं में भी जमकर जोश भरा। कहा कि यूपी के कार्यकर्ताओं को भली-भांति जानता हूं। इनके साथ गांव-गांव, गली-गली घूमा हूं। कहा कि जिस वक्त भाजपा का झंडा और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ हमारे कार्यकर्ता निकल पड़ते हैं तो दुश्मनों के दिल दहल जाते हैं। हमें सदस्यता महाभियान को उत्तर प्रदेश के गली-गली, घर-घर तक पहुंचाना है और सभी वर्गों को अभियान के साथ जोड़ना है।